हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 11 अगस्त 2025

06 पारासरी नदी के पचमा बायपास पुल पर हुआ ...



08 लहंगी नृत्य पर झूमे लोग, कजलियों का किया ...





## खबर संक्षेप

### आज किसानों के खाते में आएगी फसल बीमा राशि

**विदिशा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिन किसानों ने अपनी फसलों का बीमा करवाया था। उनके खातों में आज केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राजस्थान के झुंझुनू से सिंगल क्लिक के माध्यम से दोपहर 12 बजे बीमा की राशि किसानों ने खातों में डाली जाएगी। विदिशा जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी में होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से रबी वर्ष 2024- 25 तथा पिछले वर्ष में कराए बीमा दावों की पहली किश्त किसानों के खाते में डाली जाएगी।

### लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह हुआ



**विदिशा।** लायंस क्लब आनंदपुर सद्गुरु का शपथ ग्रहण समारोह अयोजित किया गया। इस दौरान उज्जैन से प्रवीण वशिष्ठ व महेश मालवीय, अतुल रतन सी शाह, मुदित बंसल, इंदौर की मोटिवेशनल स्पीकर रश्मि गुप्ता ने क्लब अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश शर्मा, विनेश त्रिपाठी, प्रकाश गोयल कोषाध्यक्ष को शपथ दिलाई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रवीण वशिष्ठ ने लायंस क्लब आनंदपुर सद्गुरु द्वारा प्रतिदिन नियमित रूप से की जा रही विभिन्न गतिविधियों की प्रशंसा की। महेश मालवीय ने नए सदस्य रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य कमलेश सेन, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर कुशाग्र दीक्षित आर्मी में कार्यरत रहे राजाराम शर्मा को शपथ दिलाई। इस दौरान इंजीनियर सीएल गोयल, घनश्याम अग्रवाल, गजेंद्र उपाध्याय, प्रकाश गोयल, डॉक्टर स्वप्निल सागर जैन, दिनेश त्रिपाठी ओजस्विनी जोहरी, मोहित रघुवंशी एवं हिमांगी कोठारी मौजूद रहीं।

### अहमदपुर कस्बे में निकाली शोभायात्रा



**विदिशा।** ग्राम अहमदपुर कस्बा में कुशवाह समाज के आराध्य देव भगवान कुश की जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। ग्राम के मुख्य मार्गो से भगवान कुश की शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह ग्रामीणों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। अंत में भुजरिया घाट हनुमान मंदिर पर प्रसादी वितरण किया गया।

### धूमधाम से मनाया कुश भगवान का जन्मोत्सव

**ग्यारसपुर।** कुशवाह समाज के आराध्य भगवान श्री कुश का जन्मोत्सव कुशवाह शिवालय परिसर में धूमधाम से मनाया गया। भगवान कुश के चित्र की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवाओं ने भगवान कुश के जीवन और आदर्शों पर चर्चा के समाज के पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में भगवान कुश के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। अंत में भगवान कुश की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में निर्णय लिया गया की कुश जन्मोत्सव की भव्य शोभायात्रा 23 अगस्त दिन शनिवार को निकली जाएगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी कार्यकर्ता भगवान सिंह कुशवाह, स्थानीय सरपंच राजू कुशवाह, किशोर कुशवाह, जनपद सदस्य मनीराम कुशवाह, पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह, पूर्व महामंत्री गोपाल सिंह कुशवाह, तहसील अध्यक्ष खिलाने सिंह कुशवाह, कार्यकारिणी अध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाह, नंदराम कुशवाह ,डॉ गणेशराम कुशवाह, अवध बिहारी कुशवाह, प्रदीप कुशवाह, सीताराम कुशवाह आदि मौजूद रहे।

## नपा के कामों में भी डाली जा रही है रुकावट

# अब नपा अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के समर्थन में उतरा ब्राह्मण समाज प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा नगरपालिका में पिछले कुछ दिनों से चल रही खींचतान के बाद अब इस मामले ने नया मोड़ ले लिया है। नपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए लगातार विरोध और ज्ञापनों का दौर चल रहा है। जिसके खिलाफ अब ब्राह्मण समाज नपाध्यक्ष के सामर्थन में आ गया है। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल पहुंचकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आवास पर उनसे मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि नगरपालिका में जो हालात बने हुए हैं उनको शीघ्र खत्म किया जाए।

नगर के विकास कार्यों को गति दी जाए। इस पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल की बात सुनकर आश्वासन दिया है कि बहुत जल्द इस विवाद को खत्म कर दिया जाएगा। सब कुछ ठीक हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है। ब्राह्मण समाज के 100 से अधिक लोग केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने पहुंचे थे।

इधर प्रतिदिन नए नए तरीके से प्रशासन को ज्ञापन देकर मामले में गरम बनाने रखने का प्रयास किया जा रहा है। हर दिन कोई न कोई मामला लेकर भाजपा के पार्षद प्रशासन को ज्ञापन देने पहुंच जाते हैं। ताकि यह मामला ठंडा न पड़ जाए।



### आधा दर्जन से अधिक ज्ञापन दे चुके हैं पार्षद

नपा के विरोध में करीब आधा दर्जन से ज्ञापन दिए जा चुके हैं। पहले पीआईसी की बैठक कराने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। जब बैठक हुई तो बैठक की सूचना न देने की बात कहते हुए ज्ञापन सौंपा गया। इसी तरह सड़कों के निर्माण में भी पेंच फंसाया गया। डामर की सड़क निर्माण को रुकवा दिया गया। जबकि सभी व्यापारी चाहते हैं की मुख्य बाजार की सड़क डामर की बनना चाहिए, जो जल्द बन जाती है।

## जिलेभर में जयंती के अवसर पर आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम

# लवकुश जयंती पर निकाली शोभायात्रा मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अखिल भारतीय कुशवाह महासभा तहसील के तत्वाधान में स्थानीय तारा देवी हाल अग्रवाल धर्मशाला में भगवान लव कुश का जन्म उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान लवकुश की पूजन कर आरती की गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों, डॉक्टर, शासकीय कर्मचारी प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों एवं कक्षा 5, 8, 10, 12 के 132 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया एवं समाज के युवक, युवतियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुतियां दी गई।

इस अवसर पर कुछ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के युवक युवतियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया एवं सामाजिक एकता बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाह और तहसील अध्यक्ष युवा महासभा सुरेश कुशवाह ने किया। सभी अतिथियों का स्वागत बबलू कुशवाह तहसील महामंत्री, राहुल कुशवाह, रोहित कुशवाह, मयंक कुशवाह, प्रीत कुशवाह, यश, कार्तिक, दीपेश कुशवाह, रिंकू कुशवाह आदि ने किया एवं आभार महिला जिला अध्यक्ष दीपा कुशवाह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में विजय सिंह कुशवाह पूर्व पार्षद, नीरज कुशवाह, हिम्मत सिंह कुशवाह शासकीय अधिवक्ता, नवनीत कुशवाह, जमुना कुशवाह जनपद सदस्य, अमित कुशवाह सरपंच, सोनू कुशवाह सरपंच जिला अध्यक्ष, मनोज कुशवाह, युवा जिला अध्यक्ष धनराज कुशवाह, सिद्धि कुशवाह, भूरा कुशवाह, शैलेंद्र कुशवाह, सौदान कुशवाह, नारायण कुशवाह शिक्षक, धर्मेंद्र कुशवाह, कल्लू व्हीआईपी, हुकम सिंह कुशवाह सहित सैकड़ों की संख्या में माताएं बहने, युवक-युवती और मेधावी छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।





विदिशा। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।



विदिशा। नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई शोभायात्रा में लोग हुए शामिल।

### झीलकुआ मंदिर पर एकजुट हुए समाजजन

कुश जयंती के अवसर पर झील कुआं हनुमान मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी पूरनलाल कुशवाह ने भगवान कुश की प्रतिमा का पूजन किया। उन्होंने कुशवाह समाज के सभी वर्ग को एक होकर सामाजिक एवं देशहित में कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर कुशवाह समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने उनका पुष्प माला डालकर एवं खीर खिलाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में कन्हैया लाल कुशवाह, चैनसिंह कुशवाह, मलखान कुशवाह, किशन लाल कुशवाह, खूब सिंह कुशवाह, रूप सिंह कुशवाह, नारायण सिंह कुशवाह, हेमराज कुशवाह, भगवान सिंह कुशवाह, संतोष, महेंद्र कुशवाह, रामप्रसाद कुशवाह , मनोज कुशवाह, प्रहलाद कुशवाह, धन सिंह कुशवाह, कमल कुशवाह रामप्रसाद कुशवाह मौजूद रहे।



### कुशवाह समाज ने मनाई लवकुश जयंती

**गुलाबगंज।** कुशवाह समाज द्वारा कुश जयंती के उपलक्ष्य में समाज के आराध्य देव लवकुश जी का जन्मोत्सव श्रीराम जानकी मंदिर पर पूजन अर्चन एवं प्रसादी वितरण कर मनाया। वहीं समाज के पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखकर आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा बनाई। वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां जानकी के लिए समर्पित अभियान के तहत तहसील प्रांगण में एक पौधा लगाया। इस दौरान हरि ओम कुशवाह, रूपेश कुशवाह, लेखराज कुशवाह, संतोष कुशवाह, मुकेश कुशवाह, भीकम कुशवाह, कन्हैया कुशवाह, शुभम कुशवाह ,सौरभ कुशवाह, पूरन सिंह कुशवाह, मोहन कुशवाह, शोभाराम कुशवाह,सहित सभी सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।



# दो महीने बाद पिता वृंदावन से वापस आए तो घर में मिला बेटे का कंकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पठारी थाना क्षेत्र के ग्राम जाजोन में एक घर से दो महीने पुराना नर कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया।

मृतक की पहचान 37 वर्षीय शैलू अहिरवार के रूप में हुई है। मृतक का घर गांव से अलग बना हुआ था। करीब दो महीने पहले उसके पिता वृंदावन गए थे। गुरुवार को लौटने पर जब उन्होंने घर खोला तो अंदर कंकाल पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पठारी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। कमरे में फांसी का फंदा मिलने से आशंका है कि शैलू ने आत्महत्या की थी। लंबे समय तक शव पड़े रहने से वह कंकाल में बदल गया।

परिजनों के अनुसार मृतक नशे का आदी था। इसी कारण उसकी पत्नी से अक्सर विवाद होता था। पत्नी अपने चार बच्चों के साथ भोपाल में रहती है। बच्चों में 10 साल की बेटी, 8 साल का बेटा, 6 साल की बेटी और 4 साल का बेटा शामिल हैं। मृतक अपने पिता के साथ रहता था। शैलू पहले ड्राइवरी करता था, लेकिन कुछ समय से बेरोजगार था। पुलिस ने कंकाल को बरामद कर फॉरेंसिक जांच के लिए विदिशा मेडिकल कॉलेज भेजा है। मामले की जांच जारी है।

# रक्षाबंधन पर 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगाई

## विदिशा में मौत से पहले भाई को भेजे पासवर्ड और पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



पठारी में रक्षाबंधन के दिन एक संपन्न परिवार का चिराग बुझ गया। 23 वर्षीय मनंजय रिछारिया ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी।

मनंजय की आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। घटना से पहले उसने अपने बड़े भाई को फोन पर सोशल मीडिया व मोबाइल के पासवर्ड बताए। साथ ही अकाउंट में मौजूद पैसे भी ट्रांसफर किए। बड़े भाई ने अपने पिता को पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद पिता घर लौटे तो उन्होंने मनंजय को फांसी के फंदे पर लटकते देखा, तुरंत उतारकर गंभीर हालत में त्योंदा अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के समय मनंजय घर में अकेला था। यह घटना रात को 9.30 बजे की बताई जा रही है। मृतक के पिता और दादी शासकीय शिक्षक हैं। दादा संपन्न किसान हैं। बड़ा भाई भोपाल में रहता है। मां रक्षाबंधन पर अपने भाई को राखी बांधने गई थीं। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।



# पारंपरिक गीत गाते हुए भुजरिया तोड़ने बेतवा तट पहुंची महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भुजरिया पर्व पर बेतवा के बड़वाले घाट पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पारंपरिक गीत गाते हुए पहुंचीं। शहर के विभिन्न वार्डों के चौक चौराहों पर भुजरियों को एकत्रित किया गया। इसके बाद सामूहिक पूजा की गई।

महिलाओं ने अपने सिर पर भुजरियों की टोकरियों को रखा और परंपरिक गीत गाते हुए बेतवा तट की ओर चल पड़ी। बेतवा के घाटों पर पहुंचने के बाद महिलाओं ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद भुजरियां तोड़ी और मंदिरों में अर्पित कर घर वापस लौटी। भुजरिया पर्व पर कई स्थानों पर चौराहों पर लहंगी नृत्य का भी आयोजन किया गया। शाम के समय वाडों मोहल्लों में सभी ने एक दूसरे से भुजरिया का आदान प्रदान कर मेहरबानी रखने की गुजारिश की। यह पर्व पुराने मनमुटाव को भूलकर आपसी सौहाई के साथ एक दूसरे के साथ मिलकर रहने की सीख देता है।



## पुरानी रंजिश पर 2 पक्षों में खूनी संघर्ष

# मारपीट में बुजुर्ग की मौत 6 घायल, 8 पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- युवक के साथ मोंगिया परिवार की नाबालिग चली गई थी।

शमशाबाद के ग्राम खेड़ा डफराई में शनिवार रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। लाठी-डंडों से हुई मारपीट में 70 वर्षीय फूलसिंह केवट की मौत हो गई। इस घटना में आधा दर्जन लोग भी घायल हुए हैं।

घटना के अनुसार मोंगिया परिवार के लोगों ने एकत्र होकर केवट परिवार के घर पर हमला कर दिया। मारपीट में फूलसिंह के हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं। ग्रामीणों ने सभी घायलों को शमशाबाद सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां से गंभीर स्थिति में उन्हें विदिशा रेफर किया गया। रास्ते में ही फूलसिंह ने दम तोड़ दिया। इस घटना की जड़ में कुछ दिन पहले का विवाद है। फूलसिंह का नाती और मोंगिया परिवार की एक नाबालिग कहीं साथ में चले गए थे। पुलिस ने लड़की को बरामद कर परिजनों को सौंपा। आरोपी को जेल भेज दिया गया। इसी रंजिश में मोंगिया परिवार के लोग शनिवार रात केवट परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने हमला कर दिया जिसमें केवट परिवार की महिलाओं सहित 6 लोग घायल हुए।

घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल है। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने दोनों पक्षों को समझाइश दी है। उन्होंने शांति बनाए रखने की अपील की है। पुलिस ने 8 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उनकी तलाश जारी है।

## जैन परिवार की तीन सदस्यों ने किया है देहदान

# राजकीय सम्मान के साथ विदा हुए सिरोंज निवासी अरविंद जैन, मेडिकल कॉलेज में दान किया शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिरोंज निवासी अरविन्द्र जैन के परिवार के 3 सदस्यों को मृत्यु उपरांत देहदान का संकल्प पत्र लिया था।

जिसमें अरविन्द जैन की पत्नी शशि जैन एवं पुत्र अंशुल जैन के साथ-साथ अरविन्द्र जैन ने यह संकल्प पत्र भरा था।8 वर्ष पूर्व लिए गए मृत्यु उपरांत देहदान का संकल्प पत्र भरते समय जैन परिवार के तीनों सदस्य ने अपनी वसीयत में लिखा था कि मेरी मृत्यु के वाद पार्थिव शरीर को किसी भी मेडिकल कॉलेज में दान कर दिया जाए। जिससे यह चिकित्सा विज्ञान के काम आ सके। अरविंद जैन के लिखे वसीयत के शब्द बीते दिवस फलित हुए और देहदान संपन्न हुआ। बीती रात अचानक स्वास्थ्य खराब होने के चलते अरविंद जैन का भोपाल के निजी अस्पताल में निधन हो गया था। परिवार के सदस्यों ने सामाजिक संस्था विकास पचौरी फाउंडेशन से संपर्क करके अरविंद जैन की देहदान प्रक्रिया अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज में पूरी कराई। अरविंद जैन के देहदान के समय मेडिकल कॉलेज के ऐनाटामी विभाग में शोकसभा एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें विधायक मुकेश टंडन के अलावा प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। यहां अरविंद जैन को तिरंगा समर्पित कर राजकीय सम्मान देकर गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया।

विकास पचौरी फाउंडेशन संस्था के सदस्य राजेश जैन ने बताया की संस्था अभी तक 26 पार्थिव शरीरों का दान अलग-अलग मेडिकल कॉलेजों में करवा चुकी है और अभी तक 1500 से अधिक व्यक्ति इस मिशन से जुड़कर संकल्प ले चुके हैं। यह संकल्प प्रक्रिया निः शुल्क है सिर्फ आधार कार्ड की फोटो कापी देनी होती है। शेरपुरा स्थित विकास पचौरी फाउंडेशन के सेवाघर आकर कभी भी यह संकल्प लिया जा सकता है।



विदिशा। श्रद्धांजलि समर्पित कर मोन धारण कर मोक्ष की कामना की गई।



## खबर संक्षेप

### दुबे को डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त



**गंजबासौदा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में पदस्थ सहायक प्राध्यापक भास्कर दुबे को जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा राजनीति विज्ञान विषय में उनके शोध कार्य के लिए डॉक्टरेट ऑफ फिलासफी की उपाधि प्रदान की गई है। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉक्टर जयश्री त्रिवेदी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। इस उपलब्धि पर डॉ. भास्कर दुबे को महाविद्यालय प्रबंधन समिति एवं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों सहित उनके सभी मित्रों, परिजनों एवं शुभचिंतकों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं।

### युवक ने लगाई फांसी

**गंज बासौदा।** दोपहर के समय जवाहर रोड वार्ड नंबर 22 निवासी 28 वर्षीय राजू पंथी ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसकी सूचना परिजनों ने देहात थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को फांसी के फंदे से उतारकर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा एवं मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

### रेलवे स्टेशन पर रहती है गंदगी

**गंजबासौदा।** स्थानीय रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन तो बन गया है, लेकिन यहां सफाई व्यवस्था बेहद बदहाल है। सभी प्लेटफार्म पर जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं और नलों के आसपास भी सफाई न होने से गंदगी भरी पडी रहती है। इसके अलावा लावारिस मवेशी भी प्लेटफार्म पर विचरण करते और वहीं गंदगी करते रहते हैं। जिससे यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है। यात्रियों ने प्रशासन से सफाई पर ध्यान देने की मांग की है।

## एक दूसरे को भुजरियां देकर की मेहरबानी बनाए रखने की अपील

# पारासरी नदी के पचमा बायपास पुल पर हुआ भुजरियों का विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को इलाके भर में क्षमा याचना एवं भाईचारे का पर्व भुजरिया प्रेम भाव के साथ मनाया गया। इस दौरान जहां श्रद्धालुओं ने घरों में बोई भुजरियों का विसर्जन, बेतवा नदी के घाटों, जलाशयों, छोटी नदियों आदि में किया, तो वहीं दूसरे वर्ष भी पारासरी नदी के पचमा बायपास मार्ग स्थित पुल पर नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सविता यादव, मनोज यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिकों, रहवासियों ने बड़ी संख्या में घाट पर पहुंचकर भुजरिया विसर्जन किया। यह सब हाल ही में नदी की सफाई, गहरीकरण के कारण संभव हो सका है।





यहां उल्लेखनीय है कि रक्षा बंधन के दूसरे दिन रविवार को भुजरिया पर्व श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने घरों में बोई गई भुजरियों की पूजन अर्चन की और फिर सामूहिक परिक्रमा कर उन्हें तोडकर उनकी जडों का विसर्जन किया गया। जिसके बाद सबसे पहले भगवान को भुजरियां अर्पित कर उनसे अपनी गलतियों की क्षमायाचना कर मेहरबानी बनाए रखने की कामना की गई। इसके बाद सभी ने अपने बडे बुजुर्गों, मित्रों, छोटों से भुजरिया का आदान प्रदान कर एक दूसरे से गलतियों की क्षमायाचना की। बच्चों ने भी अपने से बड़ों से भुजरिया का आदान प्रदान कर उनसे उपहार एवं चॉकलेट आदि प्राप्त किए। इस पर्व पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं ने भुजरियों का चल समारोह निकालकर उनकी सामूहिक पूजन अर्चन की। वहीं नगर में भी रेलवे स्टेशन क्षेत्र, बरेठ रोड और त्योंदा रोड, सिटी क्षेत्र सहित अन्य इलाकों से भुजरियों का चल समारोह निकाला गया और उसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने शीतला माता मंदिर पर सामूहिक पूजन अर्चन की। इसके बाद पारासरी नदी के शीतला माता मंदिर घाट सहित बेतवा नदी के विभिन्न घाटों पर भुजरियों का विसर्जन किया गया।

उधर नपा द्वारा पारासरी नदी के गहरीकरण, सौंदर्यकरण एवं सफाई के साथ ही पचमा बायपास पुल के पास पक्का घाट बना दिए जाने से अब नदी अपने पुराने स्वरूप में लौटती नजर आ रही है। यही कारण है कि बरसों बाद इस बार नदी के पचमा बायपास मार्ग पर पुल के पास बने पक्के घाट पर भी नदी इतनी स्वच्छ बह रही है कि श्रद्धालुओं ने वहां भी भुजरियों का विसर्जन किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने भी स्वयं अपने परिवार के साथ इस घाट पर पहुंचकर भुजरियों का विसर्जन किया। बाद में अनेक लोगों ने नदी में साफ पानी देखकर यहीं पर विधि विधान के साथ पूजन कर भुजरियां तोड़कर विसर्जन किया।



लोगों का कहना था कि नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के प्रयासों से अब पारासरी नदी अपने पुराने स्वरूप में लौटने लगी है और यह बेहद सुखद बात है। वहीं त्योंदा, पबई, स्यारी सहित अन्य गांवों में भी भुजरियों का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। त्योंदा क्षेत्र अंतर्गत किला मंदिर के पास से भुजरिया का जुलूस शांतिपूर्वक निकाला गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस में सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए। वहीं घटेरा, पैरवासा, शेखपुर, कस्बा बागरोद, बागरोद चौराहा, रसूलपुर में भी भुजरियों का जुलूस निकाला गया। इस दौरान त्योंदा निरीक्षक बबीता सिंह, रामबाबू साहू, प्रेमनारायण साहू, रघुवीर सिंह राय, रवींद्र सिंह, श्याम सिंह, मनमोहन शर्मा,शिवम सिंह तोमर, हरिकेस तोमर की विशेष भूमिका रही।

## नगर में हुई झमाझम बारिश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एक सप्ताह तक मौसम साफ रहने के बाद गत दिवस से इलाके में बारिश का दौर फिर से शुरू हो गया है। शनिवार को दिन भर नगर में रह रहकर रिमझिम बारिश होती रही। जबकि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई थी। इस बारिश से किसानों और फसलों को काफी राहत मिल गई थी। वहीं रविवार को भी सुबह से तो मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद नगर सहित इलाके भर में झमाझम बरसात हो गई।

यहां उल्लेखनीय है कि मानसून की अच्छी बारिश के बीच गत सप्ताह भर मौसम लगभग साफ रहा और अच्छी धूप निकलने से खेतों में बतर आ गई थी। बारिश न होने से सोयाबीन, धान आदि की फसलें प्रभावित हो रही थीं। वहीं किसान भी फसलों में दवाओं एवं कीटनाशकों का छिडकाव नहीं कर पा रहे थे। इस कारण किसान अच्छी बारिश की कामना कर रहे थे।

गत दिवस से मौसम ने करवट बदली और शनिवार को दिन भर रिमझिम बारिश होती रही। जबकि ग्राम भाटनी, स्यारी, काजी किर्रोदा, साहबा, उदयपुर, भिलायां सहित अन्य गांवों में अच्छी बारिश हुई। इसके बाद रविवार को सुबह से मौसम खुला रहा और धूप निकलती रही, जबकि दोपहर बाद नगर में जहां करीब एक घंटे तक जोरदार बारिश हुई, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी झमाझम पानी बरसा। इस बारिश से किसानों को राहत मिल गई है। ग्रामीण प्रहलाद सिंह, मोनू, गोलू आदि का कहना है कि इस बारिश से सोयाबीन, धान आदि फसलों को काफी लाभ मिलेगा। किसान अब लगातार अच्छी बारिश की उम्मीद कर रहे हैं। वहीं इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने अब आगामी दिनों में भी इलाके में अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इन वेबसाइटों के अनुसार आगामी 15 अगस्त तक मौसम मिलाजुला रहेगा, लेकिन इसके बाद इलाके में लगातार अच्छी बारिश हो सकती है।

## विदेशी सामानों पर अपनी निर्भरता पूरी तरह खत्म करें: मुस्लिम राष्ट्रीय मंच

**गंजबासौदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक गुरूदेव डा इन्द्रेश कुमार के आह्वान पर पूरे देश मे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच स्वदेशी जागरण के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी के तहत गुरुवार को स्वदेशी राखी निर्माण कार्य शाला आयोजित कर स्वदेशी राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही घर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत देशभक्ति के वातावरण का जागरण करने,तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तीनो सैन्य बलों के जवानों और पुलिस कर्मियों को पत्र लेखन व स्वदेशी राखियों का प्रेषण प्रमुख आयोजन हुऐ। मुख्य वक्ता सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने विदेशी वस्तुओं विदेशी सामान आनलाइन व्यापार पर शत प्रतिशत निर्भरता कम करने व अधिक से अधिक स्वदेशी सामान का दैनिक जीवन मे इस्तेमाल किऐ जाने का आह्वान किया। आइऐ हम सभी आज संकल्प ले विदेशी चीनी अमेरिका मे निर्मित कोई भी राखी भाई की कलाई पर नही बाधेगे, विदेशी लाइट की झालर से घर मंदिर-मस्जिद मजार दरगाह नही सजाऐगे । समाजसेवी फेरन सिंह ने सभी से कहा हम सबको कितना भी लाभ मिलता हो विदेशी सामान न खरीदेगे न बेचेगे। हम अपने घर परिवार आसपास के मुहल्ले गांव गांव से विदेशी कंपनियो को भगाना होगा इसका एक ही तरीका है स्वदेशी कंपनीज के सामान ही खरीदे। इस अवसर पर गुड्डी बाई, भगवान दास,कैलाश पंथी,ललिता बाई,कैलाश लोधी,ऊषा सेन,सुनील पंथी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद हुए।



## ग्रीन डे व राखी कॉम्पटीशन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस स्थानीय आचार्य विद्या वैली हायर सैकेंडरी स्कूल में हरित दिवस ग्रीन-डे मनाया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त छात्रों ने बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। प्री प्राइमरी के नन्हें मुन्ने छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया, साथ ही कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर विद्या वेली विद्यालय के संचालक प्रणय जैन ने बताया कि प्रकृति, उर्वरता और समृद्धि का प्रतीक प्रतीक है - हरा रंग प्रकृति और पर्यावरण के प्रति हमोर प्रेम का प्रतीक है। हमें अपने जन्म दिवस पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, साथ ही उसका पालन पोषण लगातार करना चाहिए। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक है। इसके साथ ही राखी बनाओ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ चढ़कर भाग लिया। लगभग सभी छात्र और छात्राओं ने घर से सामग्री लाकर विद्यालय में ही राखियों का निर्माण किया। इस दौरान प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्र, छात्राएं मौजूद थीं।



## कुशवाह समाज ने की पूजन-अर्चन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को कुश जयंती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा उदयपुर द्वारा कार्यालय पर एकत्रित होकर भगवान लव कुश की पूजन आरती की गई तत्पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान आगामी कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा हुई एवं पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिए सभी से एक-एक पौधा लगाये जाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में गिरीश कुशवाहा अध्यक्ष उदयपुर, उमाशंकर कुशवाहा महामंत्री, सौरभ कुशवाहा अध्यक्ष युवा महासभा, उमेश कुशवाहा महामंत्री, श्यामलाल, वीर सिंह, मुकेश, हरि सिंह, अरविंद, काशीराम , राजाराम, गोलू कुशवाहा, अशोक कुशवाहा भ सहित अनेक समाज बंधु कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## नगर में निकली वैदिक मंत्रों और श्लोकों की भव्य रैली

# वेद, उपनिषद, गीता लेकर सड़कों पर निकले विद्यार्थी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन द्वारा संस्कृत के संवर्धन और संरक्षण के लिए चलाए जा रहे संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत रविवार को नगर में वेदांत आश्रम द्वारा वैदिक मंत्रों और श्लोकों की भव्य रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ गांधी चौक स्थित श्री राम-जानकी मंदिर में श्री राम-जानकी स्तुति, भागवत गीता पाठ, संस्कृत पाठ और गणेश वंदना के साथ हुआ। भक्ति, संस्कृति और भाषा के संगम का यह अद्भुत दृश्य संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत वेदांत आश्रम के संस्कृत विद्यालय द्वारा रविवार को निकाली गई भव्य रैली में देखने मिला। रैली में सौ से अधिक पारंपरिक वेशभूषा में बटुक विद्यार्थी,धोती-कुर्ता, श्वेत, पीताम्बर पहने ब्रह्मचारी और संस्कृत प्रेमी नागरिक संस्कृतम जगतः शोभा के उद्घोष के साथ नगर के मुख्य सड़कों से होकर गुजरे तो मार्ग में नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर से रैली का स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि जगद्गुरु स्वामी डॉ. रामकमलाचार्य वेदान्ती महाराज द्वारा जीवाजीपुर में स्थापित संत जगन्नाथदास उमा संस्कृत विद्यालय में चल रहे संस्कृत सप्ताह के पांचवें दिन नगर में करीब 3 किलोमीटर लंबी जन जागरण यात्रा निकाली गई। गांधी चौक श्री राम जानकी मंदिर से शुरू हुई यह यात्रा सावरकर चौक, जय स्तंभ चौक, आंबेडकर चौक और नेहरू चौक होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ। विद्यार्थी पूरे मार्ग में 'संस्कृत वंदे मातरम','मातृभाषा संस्कृत हमारी शान है' जैसे गगनभेदी नारे गुंजाते रहे, जिससे नगर की गलियां संस्कृतमय हो गईं। रैली के समापन पर वेदांत आश्रम महंत हरिहरदास महाराज ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है जिसमें ज्ञान-विज्ञान, दर्शन और साहित्य का अपार भंडार है। संस्कृत में लिखे गए प्राचीन ग्रंथों से हमें इतिहास, संस्कृति और समाज के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। इस भाषा के संरक्षण का अर्थ है हमारी सभ्यता, संस्कार और अध्यात्म का संरक्षण। रैली में विद्यालय के प्राचार्य बाबू सिंह रघुवंशी, वेदाध्यापक वेदमूर्ति शिवशंकर पाण्डेय, व्याकरण अध्यापक शुभम शर्मा, कंप्यूटर एवं अंग्रेजी अध्यापक ऋषि, सामाजिक विषय की अध्यापिका शालू शर्मा, संस्कृत प्रचारक विनोद एवं सुनील, विधायक प्रतिनिधि तरबर सिंह रघुवंशी, आश्रम ट्रस्ट सचिव सौरभ सुहाने, पंडित संजय पाठक, महेंद्र सिंह ठाकुर, राम बाबू दुबे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शामिल हुए। रैली के समापन पर वेदांत आश्रम संस्कृत विद्यालय द्वारा उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।

### भारी वाहनों का नो एंट्री में प्रवेश जारी



**गंजबासौदा।** नगर में दोपहर में भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित होने के बावजूद नगर में धडल्ले से भारी वाहन आते रहते हैं। गत दिवस भी मील रोड पर एक बडा ट्राला दोपहर में आ गया। इस ट्राले के मील रोड से नेहरू चौक रोड पर मुडने के कारण काफी असुविधा हुई और दोनों मार्गों पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। कुछ देर बाद बमुश्किल ट्रॉला मुड पाया और यातायात बहाल हुआ। नागरिकों ने यातायात पुलिस से नो एंट्री के नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है। ताकि दिन के समय नगर के मार्गों पर नागरिकों एवं वाहन चालकों को असुविधा न हो।

## नौलखी धर्मशाला में मना श्रावणी उपाकर्म




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सिरोंज चौराहा स्थित नौलखी धर्मशाला में विगत 40 वर्षों से पंडित करोड़ी लाल त्यागी द्वारा निरंतर श्रावणी पर मनाया जाता है। इस वर्ष भी नगर के विद्वान शास्त्री पंडित केशव प्रसाद दुबे, पंडित परमानंद शास्त्री के आचार्य तत्व में ब्राह्मणों ने मां वैतवा रिपटा घाट पर दश विधि प्रायश्चित स्नान करके दूबा ,अपामार्ग, कुशा आदि से वैदिक मंत्रो से मार्जन किया। धर्मशाला में नारायण अभिषेक व सप्त ऋषि पूजन व शांति यज्ञ किया जाकर वेद पाठ स्मृति ग्रंथ ब्राह्मण आरणटक तक के पाठ किए गए। श्रावणी पर्व के संयोजक दीपक तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर कमलेश दुबे, रमेश दुबे ने भी श्रावणी महत्व पर प्रकाश डाला। बताया कि ब्राह्मणों का मुख्य कर्म वेद पठन-पाठन है, इसमें शीघ्रता अथवा व्यवस्था के कारण स्वरभंग होना, विधिपूर्वक उच्चारण ना होना इन समस्त दोषों का शमन श्रावणी कर्म से होता है। इसी प्रकार जन सामान्य द्वारा खाने-पीने, व्यापार, व्यवसाय में अनेक प्रकार के शास्त्र विपरीत काम होते रहते हैं। इन सब का प्रायश्चित भी जन सामान्य द्वारा किया जाना चाहिए। इस दिन रक्षाबंधन किया जाता है सबसे प्रथम रक्षा सूत्र बांधने की परंपरा देवगुरु बृहस्पति ने अपने शिष्य इंद्र को बांधकर प्रारंभ की, वहीं राजा बलि ने भी भगवान को सर्व समर्पण सूत्र में बांधा, बहन के रूप में लक्ष्मी ने भी राजा बलि को रक्षा सूत्र बांधकर भगवान को मुक्त किया।यह समर्पण का त्यौहार है बहन भाई को रक्षा सूत्र बांधकर भाई के सुख एवं रक्षा रूप भावना से त्योहार मनाते हैं। इस मौके पर वरुण चौबे, मनीष पाठक, शिवम दुबे, सुनील पिंगले, हेमराज दुबे, कुलदीप शर्मा, अन्नू मिश्रा, भास्कर दुबे, भवानी शंकर, मनोहर लाल दुबे, प्रवीण एलिया उपस्थित थे।

### विश्व आदिवासी दिवस बस्ती में आदिवासी बच्चों के बीच पहुंचकर मनाया

# जश्न के मंचों से कभी अधिकार नहीं मिलते उसके लिए संघर्ष का मैदान चाहिए: सुनील





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एंव आदिवासी नेता एडवोकेट सुनील कुमार आदिवासी ने आदिवासी दिवस पर आदिवासी परिवारो के बीच में पहुचकर आदिवासी दिवस मनाया। तो वही उन्होने आदिवासी समाज के बच्चों के साथ भोजन किया और उनसे अपने मन की बात कही। साथ ही उन्होने आदिवासी समाज के इतिहास के बारे में समाजजनो को अवगत कराया। वही उन्होने कहा कि मानव जाति, पर्यावरण, आदिवासी संस्कृति और अधिकारों के संरक्षण के बिना विकास का दावा खोखला है, यह बात सामाजिक कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय आदिवासी जनक्रांति संघ के संस्थापक एड. सुनील कुमार आदिवासी ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कही। उन्होंने बताया कि 2016-17 से विदिशा जिले में राष्ट्रीय आदिवासी जनक्रांति संघ और सर्व आदिवासी मंच द्वारा विश्व आदिवासी दिवस बड़े उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया जाता रहा है परंपरागत वेशभूषा, तीर-कमान, सांस्कृतिक रैली और प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद करना इसकी पहचान रही है।

**जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा आदिवासी दिवस** - उन्होने कहा कि इस वर्ष उन्होंने निर्णय लिया कि बड़े मंच और जुलूस की बजाय, इस दिवस को ग्राम स्तर पर जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाए, ताकि आदिवासी ग्रामीणों को उनके मूलभूत अधिकार बिजली, पानी, सड़क, मकान, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के प्रति सजग किया जा सके। जंगल पर डाका, ज़मीन पर कब्ज़ा, महिलाओं की तस्करी और फर्जी जाति प्रमाण पत्र का खेल ये मुद्दे आदिवासी अस्तित्व पर सीधा हमला हैं। एड. सुनील कुमार ने स्पष्ट किया कि पंचायत और स्थानीय निकायों में आरक्षण सीटों को खाली कर अनारक्षित करने की सरकारी चाल आदिवासी नेतृत्व खत्म करने की सोची-समझी साज़िश है। सरकारें बड़े मंचों पर आदिवासी संस्कृति का गीत गाती हैं, लेकिन असली मुद्दों पर मौन साध लेती हैं। जश्न के मंचों से अधिकार नहीं मिलते, उसके लिए संघर्ष का मैदान चाहिए।

**समाज को एकजुट होना जरूरी**

एड. सुनील आदिवासी ने संयुक्त राष्ट्रसंघ के इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि 24 अक्टूबर 1945 को स्थापना के बाद, वर्ष 1994 में तय किया गया कि हर साल 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। ताकि आदिवासी समुदायों के अस्तित्व, स्वायत्तता, प्राकृतिक संसाधनों और संस्कृति की रक्षा को वैश्विक प्राथमिकता दी जा सके। वही उन्होंने गंभीरता से चेताया कि आज जब लोकतंत्र और संविधान को खोखला करने की साज़िशें तेज़ हैं, तब आदिवासी अधिकारों की लड़ाई सिर्फ सामाजिक नहीं, बल्कि संवैधानिक अस्तित्व की लड़ाई बन चुकी है। यदि हम आज एकजुट नहीं हुए, तो कल सिर्फ इतिहास की किताबों में रह जाएंगे।

## त्यौहार पर भुजरिया बदलकर एक-दूसरे से मांगी माफी, ग्रामों में लंहगी नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नगर सहित ग्रामीण अंचलों बड़े हीं धूम धाम के साथ प्राचीन परंपरा अनुसार भुजरिया पर्व मनाया गया। भुजरिया पर्व पर उत्सव जैसा माहौल बन जाता है। ढोल ढमाकों के साथ लोग भुजरिया को नदी व तालाब में विसर्जित करने गए। यह पर्व आपसी भाईचारे व सद्भावना के रूप में मनाया गया। इस पर्व को मनाने के लिए नगर के सभी समुदाय के परिवार टोकनों में मिट्टी भर गेहूं के दाने रोपित कर विधि विधान से उसकी पूजा अर्चना करते है। भुजरियों को लेकर महिलाओं की टोलियां मांगलिक गीत गाते हुए मंदिरों में जाकर भुजरिया को भगवान के चरणों में अर्पण करती है। पंरपरा अनुसार रक्षाबंधन के पूर्व नवमी के दिन मिट्टी में अंकुरित गेहूं को कुंडों में भरकर बो दिए थे तथा रक्षाबंधन के दूसरे दिन रविवार को नगर की महिला टोलियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भुजरियों का विसर्जन किया गया। भुजरियों के पावन पर्व पर भुजरिया लेकर लोग एक-दूसरे से गले मिले तथा साल भर में की गई गलतियों के लिए क्षमा मांगी। लोगों ने नए सिरे से रिश्तों के लिए आशीर्वाद भी मांगा। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सनातन परम्परा के अनुसार इस क्षमा पर्व के दौरान बड़े,युवा, महिलाएं हाथ में भुजरिया लेकर परिजनों और पड़ोसियों से मिले तथा नए संबंधों की शुरूआत के लिए उनका आशीर्वाद मांगा।

## *वक्फ़ बोर्ड के अंतर्गत शिक्षा नीति पढ़ो-पढ़ाओ योजना के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, विद्यार्थी 15 तक कर सकते हैं आवेदन*




*सिरोंज। मध्य प्रदेश राज्य वक्फ़ बोर्ड द्वारा शिक्षा नीति पड़ों -पढ़ाओ एवं राष्ट निर्माण मे भागीदारी बनो के सम्बन्ध मे पारित निर्णय 24 जून 2023 के परिपालन मे एवं वाकिफ की मंशा यानि दानकर्ता की इच्छा - शर्तों के अनुसार मुस्लिम गरीब छात्र,छात्राओं को मध्य प्रदेश वक्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉक्टर सनव्वर पटेल के आदेश से जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी सिरोंज द्वारा वर्ष 2024-2025 मे कक्षा 10 वी में 65 प्रतिशत कक्षा 12 वी मे 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले छात्र, छात्राएं, जो आगे की पढ़ाई जारी रखना चाहते है परंतु उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है ऐसे छात्र एवं छात्राओं को जामा मस्जिद कमेटी सिरोंज द्वारा छात्रवृत्ति दी जाना है छात्रवृत्ति कक्षा 11वी, 12वीं एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं तथा नीट आदि की तैयारी करने वाले छात्र, छात्राओं को मदद के रूप मे मेरिट के आधार पर भौतिक सत्यापन के पश्चात उनकी इंस्टीट्यूट या संस्था को बैंकिंग के माध्यम से दी जाना है। जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सिरोंज तहसील के अंतर्गत आने वाले छात्र-छात्राएं मध्य प्रदेश वक्फ़ बोर्ड द्वारा पड़ों -पढ़ाओ एवं राष्ट निर्माण मे भागीदारी बने और योजना का लाभ लेने के लिये बहुत से छात्र, छात्राओं द्वारा अधिक संख्या मे फार्म भरे जा रहे है इसी को ध्यान में रखते हुए आवेदन की तारीख जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी ने बड़ा कर 15 अगस्त कर दी है। ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्र फार्म भर कर इस योजना का लाभ ले सके। छात्र आवेदन फार्म कार्यालय जामा मस्जिद या न्यू राही मेडिकल स्टोर पे जमा कर सकते है। इस योजना के तहत जामा मस्जिद कमेटी वक्फ़ बोर्ड के आदेश से पड़ों, पढ़ाओ योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति देंगी जिससे मुस्लिम समाज में होनहार छात्र, छात्राएं अपनी पढ़ाई अच्छे से करके देश के राष्ट्र निर्माण मे भागीदारी कर सके।*

## वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद जैन के निधन पर सिरोंज पत्रकार महासंघ व आईजा ने दी शोक श्रद्धांजलि



**सिरोंज।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद जैन का रविवार को आकस्मिक देवलोक गमन हो गया। इस अवसर पर सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष एंव मध्यप्रदेश आईजा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने अरविन्द जैन को शोक श्रद्धाजंलि देते हुए कहा कि श्री जैन विभिन्न सामाजिक संगठनो से जुडें रहे थें। शहर में कोई समाजसेवा से जुडा हुआ जब भी कोई कार्य होता था तो अरविन्द जैन उक्त कार्य में हमेशा आगे रहकर अपनी हिस्सेदारी करते आए है। तो वही उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक एंव व्यापारिक संगठनो ने शोक श्रद्धाजंलि अर्पित की।

## जीव दया की रक्षा के लिए हाईकोर्ट में हार्दिक हुंडिया ने पेश की जनहित याचिका

### जीव दया को लेकर हार्दिक हुंडिया से हरिभूमि की विशेष चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जीव दया प्रेमी जिन्होने पूरे देश भर में एक-एक गांव कस्बा,मोहल्लो में जीव दया की रक्षा के लिए मुहिम छेड रखी है। वह जगह-जगह जाकर जीव दया की रक्षा के लिए लोगो से संपर्क कर रहें है। अपील के साथ नागरिको से सलाह व परामर्श ले रहें है। इसी बीच हरिभूमि के सवाददाता राजीव जैन सैनानी से चर्चा के दौरान उन्होने बताया कि जीव दया की रक्षा के लिए किसी भी स्तर पर सघर्ष कंरूगा। हाल ही में बॉम्बे हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका पेश की है। एक भारतीय नागरिक जैन धर्म के अनुयायी जीव दया प्रेमी हार्दिक हुंडिया सभी जीवित प्राणियों के प्रति करुणाह्ल के सिद्धांतों का स्वयं पालन करते हैं और दूसरों को भी इसकी प्रेरणा देते हैं। हार्दिक हुंडिया ने बॉम्बे उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की है, जिसमें उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 और 25 के तहत दिये गये अपने मौलिक अधिकारों, अनुच्छेद 48 के तहत नीति निर्देशक सिद्धांतों और अनुच्छेद 51 (ए) (जी) के तहत अपने मौलिक कर्तव्यों का हवाला दिया है, जो प्रत्येक नागरिक को प्रत्येक जीवित प्राणी के प्रति करुणा दिखाने का मार्ग प्रशस्त करता है। उपरोक्त जनहित याचिका महाराष्ट्र राज्य, मुंबई के नगर



आयुक्त, पुलिस आयुक्त, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, कृषि, भारतीय पशु कल्याण बोर्ड और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के खिलाफ दायर की गई है। श्री हुंडिया ने कहा कि बॉम्बे उच्च न्यायालय से भारतीय पशु कल्याण बोर्ड, ग्रेटर मुंबई नगर निगम, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, धार्मिक कबूतरखानों का प्रबंधन करने वाले धर्मार्थ संगठनों, और पारिस्थितिकी एवं जन स्वास्थ्य के स्वतंत्र विशेषज्ञों से अनुरोध है कि वे दायर याचिका के सम्बन्ध में तथ्यों का मूल्यांकन एवं निरीक्ष करें और मुंबई में निर्दिष्ट पक्षी-आहार क्षेत्रों के लिए एक संतुलित और कालजयी नीति तैयार करें। हार्दिक हुंडिया ने यह भी घोषित करने की मांग की है कि प्रतिवादियों द्वारा निर्दिष्ट कबूतरखानों में कबूतरों को दाना डालने पर लगाया गया पूर्ण प्रतिबंध, और इसके परिणाम स्वरूप लगाए गए जुर्माने या दंड, मनमाना, अनुचित और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 25 का उल्लंघन है, और इसलिए अवैध और कानून की दृष्टि से अनुचित है।

उन्होने बॉम्बे उच्च न्यायालय से अनुरोध किया है कि उनकी जनहित याचिका को अन्य रिट याचिकाओं के साथ जोड़ दिया जाए, जिनकी अगली सुनवाई 13 अगस्त, 2025 को अपराह्न 3 बजे होगी। उपरोक्त जनहित याचिका अधिवक्ता सुश्री ओमी मेहता के माध्यम से दायर की गई है, जिसके प्रस्तुतीकरण और तर्क आशीष मेहता तथा ओमी मेहता लीगल फर्म द्वारा प्रस्तुत किए जाएँगे।

### उप जेल में की थी राखी बांधने की व्यवस्था

## उप जेल में रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने पहुंचकर भाइयों को बांधी राखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

उपजेल में विभिन्न अपराधों के विचाराधीन बंदियो को रक्षाबंधन के दिन अपनी बहिनों से मिलने का अवसर मिला। उपजेल में सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक निरूद्ध 90 बंदियों में से 69 बंदियो की बहिने-भाईयों की कलाईयों पर राखी बांधने 194 बहिने पहुंची।

जेल में बंद कैदी भाईयों को लम्बे समय बाद अपनी बहिनों परिजनो से मुलाकात का अवसर प्राप्त हुआ। बहिनों द्वारा भाईयों को राखी बांधी और मुंह मीठा किया। कुछ बहिनों, भाईयों के भावुक होने से आंखो से आंसू झलकने के मार्मिक दृश्य दिखाई दिए। बहिनों ने भाईयों को राखी बांधने के साथ जीवन में अच्छे मार्ग पर चलने और अच्छे कार्य करने का वचन लिया।

रक्षाबंधन पर उपजेल के बाहर, प्रांगण एवं भीतर बहिनों-भाईयों, परिजनों का दिन भर मिलने का सिलसिला चलता रहा।

उपजेलर विनय गढवाल ने बताया कि जेल विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार रक्षाबंधन पर बहिनों को राखी बांधने की व्यवस्था की गई थी।

### रक्षाबंधन की रचनात्मक प्रस्तुतियां

**बरेली।** रिश्तों में मिठास भरती राखी, स्नेह और संस्कारों की अद्भुत परंपरा। आज नर्बदा एजुकेशन वैली स्कूल में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने प्रतिभा, प्रेम और संस्कृति का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। विशेष प्रतियोगिताओं के अंतर्गत स्वनिर्मित राखी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, कविता पाठ और कहानी प्रस्तुति,



सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों, शब्दों और भावनाओं में ढालते हुए भाई-बहन के पवित्र बंधन को नई ऊँचाइयाँ दीं।

छात्रों की प्रस्तुतियाँ मन को छूने वाली रहीं और माहौल को भावनात्मक व आनंदमय बना दिया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

## बदला मौसम दस दिनों के बाद हुई बारिश, धान को मिला जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पिछले 10-12 दिनों से संपूर्ण क्षेत्र में तेज धूप, गर्मी, भारी उमस की परेशानियां झेल रहा था। धान के खेतों में पानी की कमी से दरारें पडने के साथ धान के पौधे कमजोर हो रहे थे। शनिवार को दोपहर बाद अचानक मौसम बदला आसमान में घने वर्षा वाले बादल छा जाने और शुरू हुई बारिश से क्षेत्र के निवासी और धान की खेती करने वाले किसानों को बडी राहत मिल गई है।

**बदला मौसम, हुई बारिश :** पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से बारिश न होने से क्वांर के महिने जैसा तेज गर्मी, धूप और उमस का माहौल बना हुआ था। जिससे धान फसलों की सेहत भी खराब हो रही थी। धान की क्यारियों में ट्यूबवेलो से भरा पानी तेजी से सूखने और खेतों में दरारें पडने धान के पौधे पीले और रोग ग्रस्त हो रहे थे। किसान ही नहीं क्षेत्र के निवासी बारिश की प्रार्थना करते नजर आ रहे थे। ऐसा लग रहा था कि रक्षाबंधन सूखे माहौल में मनेगा परंतु ईश्वर की महिला और प्रकृति का खेल निराला है। शनिवार की दोपहर तक गर्मी, उमस और दोपहर बाद अचानक काले घने बादल छा जाने और बारिश का सुकून देने वाला दौर शुरू हो गया।



**धान की खेती को लाभ -**

*शनिवार को शुरू हुई बारिश से सबसे अधिक धान की फस्लों को लाभ एवं जीवनदान मिल गया है। बिजली न रहने की परेशानियों को झेलते हुए किसी प्रकार धान के खेतों में पानी भर रहे थे। एक-दो दिनों में ही भरा पानी सूख रहा था। मौसम अत्यधिक गर्मी और तेज धूप से धान की फसलें प्रभावित और मुरझा रही थी। घंटो तक कभी तेज कभी रिमझिम बारिश होने से मौसम सुहाना ठंडा हो गया। जिस प्रकार आसमान मे बादलों का डेरा बना हुआ है। उससे आगे भी बारिश की संभावना बनी हुई है।*

## फोरलेन-45 पर खरगोन भौड़िया के बीच शराब की पेटियों से भरा ट्रक पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

फोरलेन 45 पर ग्राम भौड़िया एवं खरगोन के बीच शराब की पेटियों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। पेटियों में भरी शराब की बोतले बिखरने की खबर लगते ही ग्रामीण राहगीर बोतले उठा-उठा कर साथ ले जाने लगे। शराब को लूटने की होड सी लग गई।

ट्रक पलटने और लोगों द्वारा शराब की बोतले लूटने की खबर लगते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और हो रही शराब की लूट को रोकने, भीड का काबू में करने का प्रयास किया। तेज रफ्तार ट्रक पलट जाने से ट्रक का चालक और हेल्पर घायल हो गए। भोपाल से जबलपुर डिपो जा रहा शराब की पेटियों से भरा ट्रक संतुलन बिगड जाने से पलट गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शराब से जुडे दस्तावेजों की जांच की जा रही है। ट्रक पलटने से शराब के शौकीनों को मुफ्त की शराब मिलने से बल्ले-बल्ले हो गई।

### नपं. एवं हिउस ने किया शेरा खेलने वालों का स्वागत सम्मान

## आदिवासी बुंदेलखंडी परंपरा, चौधरी चौक में भरा भुजरियों का मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



रक्षाबंधन के दूसरे दिन पुरानी बस्ती के चौधरी चौक में भुजरियों का मेला लगने की परंपरा है। महिला, पुरूष अपने घरों से भुजरियां (कजलिया) लेकर पहुंचते है। जहां उनका पूजन करने के बाद घोघरा नदी में विसर्जन किया जाता है। उसके बाद शेष बची भुजरियों को मंदिर पहुंच कर भगवान को अपर्ण कर एक दूसरे को भुजरिया देने, बड़ो से आर्शीवाद लेने, छोटो को आर्शीवाद देने और हम उम्र लोग आपस में गले मिल कर पर्व मनाते है।

**नपं. हिउस ने किया स्वागत :** चौधरी चौक में भुजरियों का मेला भरने के साथ लोक परंपरानुसार शेरा नाचने का कार्यक्रम चलता रहा। आदिवासी और बुंदेली परंपरा भाषा में शेरा गायन और हाथों में छोटी डंडियों को लडाते हुए उछल कूंद के साथ शेरा नृत्य होते रहे। नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, पार्षदों, हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश नारायण बवेले, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, हरि सिंह खोजर, दुर्गा धाकड़, एवं अन्य वर्तमान पदाधिकारियों द्वारा शेरा गायन नाचने वाली टीमों के सदस्यों का तिलक लगा कर स्वागत सम्मान किया गया। भुजरिया मेला में बच्चों और परिवार के सदस्यों की उपस्थिति रही। जिनके द्वारा अपने मन पसंद खिलौने वस्तुए खरीदी गई।

**अनरय वालों के यहां शोक संवेदना**

जिन परिवारों में पिछले महिनों में मौत गर्मी हुई। रक्षाबंधन और भुजरियां पर्व पर घरों-घर पहुंचकर लोगों द्वारा शोक संवेदना व्यक्त की जाती है। नपं. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, पार्षद, हिउस के अध्यक्ष, अन्य पदाधिकारियों द्वारा नगर में पहुंचकर अनरय वाले परिवारों में शोक संवेदनाए व्यक्त की जाती रही।

## संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत होंगे अनेकों कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ हुआ। सभी शिक्षकों अतिथियों एवं छात्रों को तिलक लगाया और संस्कृत सप्ताह का महत्व बताया। सभी वेद शास्त्र पुराण संस्कृत में ही मिलते हैं इसलिए संस्कृत हमारे जन्म से मृत्यु तक साथ देने वाली है। अगर संस्कारों को बचाए रखना है तो हमें संस्कृत का अध्ययन अवश्य करना चाहिए।

संस्कृत के महत्व को बताते हुए कहा गया की संस्कृत हम सभी का बौद्धिक और मानसिक विकास को उन्नत करती है। अगर हमें सभी भाषाओं का अध्ययन के साथ संस्कृत का अध्ययन करेंगे तो यह विलुप्त होने से बच जाएगी आधुनिक समय में वैज्ञानिक भी इसे सर्वश्रेष्ठ भाषा मानते हैं।

विद्यालय की शिक्षिका अनीता भगत एवं मीना शर्मा द्वारा श्लोक गायन एवं गीत गाकर संस्कृत भाषा के महत्व का वर्णन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उप प्राचार्य पीएस धाकड़ ने संस्कृत के महत्व को बताते हुए कहा की संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है।

website : general.kbtgroup.in
KBT Kusha Bhau Thakre COLLEGE
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN
CITY OFFICE : CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481, 796042, 9893708149
E-Pravesh Code-P619
BA (Com+Plain) | B.Com (Com+Plain) | B.Sc (Com+Plain) | B.Lib (1 Years) | PGDCA (1 Years) | MSW (2 Years) | PG DIPLOMA HOTEL MANAGEMENT (1 Years) | B.ED. (2 Years)

# कजलिया पर्व पर निकाला जुलूस / लहंगी नृत्य पर झूमे लोग, कजलियों का किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रविवार को भुजरियों (कजलियों) का परंपरागत चल समारोह शहर में तीन स्थानों नरापुरा, शिकारीपुरा सहित पाटनदेव से गाजे-बाजे के बीच निकाले गए। लोकनृत्य लहंगी व राई के बीच सावन गीतों पर युवाओं की टोलियां मंजीरों व ढोलक के बीच सुर ताल के साथ कदमताल मिलाते हुए जमकर झूमीं। वहीं महिलाएं सिर पर भुजरियों की डलियां रखकर इस जुलूस में शामिल हुईं।

इसके बाद भुजरियों को श्रद्धापूर्वक प्राचीन मिश्र तालाब, भुजरिया तालाब, कुम्हरिया तालाब में विसर्जन किया। शहर में जगह-जगह भुजरिया मिलन के कार्यक्रम हुए, जिसमें लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर भुजरियों का आदान प्रदान कर गिले शिकवे दूर कर पर्व की बधाई दी तथा छोटों ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

### भुजरियों की टोकनी रख गाए मंगल गीत

*रविवार को भुजरियों का परंपरागत जुलूस श्याम 4 बजे निकाल गया। इंडियन चौराहे के समीप महिलाओं ने भुजरियों की टोकनी रखकर फेरे लगाएं और सावन के मंगल गीत जाए यह क्रम जगह हुआ। भुजरियों का यह जुलूस प्रमुख मार्गों से होते हुए मिश्र तालाब पहुंचा। जहां महिलाओं ने भुजरियों का श्रद्धापूर्वक विसर्जन मिश्र तालाब के पानी में किया।*





### किन्नर समाज ने भी नहीं निकाला भुजरियों का जूलूस

*राखी पर्व के दूसरे दिन किन्नर समाज द्वारा परंपरागत नाचते गाते हुए के पाटनदेव हनुमान मंदिर से भुजरियों का जुलूस किन्नर नायक तमन्ना गुरु के नेतृत्व में निकाला जाता था। लेकिन किन्नर समाज में अनरय की वजह से रविवार भुजरियों का परंपरागत जूलूस बाजे गाजों के बीच नहीं निकाला। औपचारिकता निभाते हुए वार्ड 17 से भुजरियां विसर्जन के लिए सिर पर कजलियों डलिया रखे लोकगीत गाते हुए किन्नर शामिल हुए।*

### हर्षोल्लास से मना भुजरियों का पर्व

*सांची। नगर में भुजरियों का त्योहार बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाया गया। सांची में आसपास से जुड़े हुए गांव के लोग भी यहां आकर भुजरियों का आनंद लेते हैं। लोगों द्वारा लहंगी नृत्य का भी आयोजन किया गया, जिसके पश्चात भुजारियों को महिलाओं द्वारा आसपास के नदी तालाबों में विसर्जित किया गया। साथ ही परिजनों एवं मित्रों को कजालियां का आदान प्रदान कर पर्व की बधाई दी गई।*

### काजलिया पर्व उत्साह के साथ मनाया, निकला चल समारोह

*सिलवानी। राखी के दूसरे दिन रविवार को नगर व अंचल में पारंपरिक उत्सव भुजरियों का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। ग्रामीण अंचलों से लेकर कस्बाई क्षेत्रों तक महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सज- धज कर भुजरियां लेकर शोभायात्राएं निकालीं। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पर्व के अवसर पर महिलाएं सिर पर भुजरियों की टोकरी रखकर भजन गाती हुई शामिल हुई। नगर में दो स्थानों से भुजरियां का चल समारोह निकाला। चल समारोह में महिलाएं सिर पर भुजरियों की टोकनी रखे हुए थी। चल समारोह राम मंदिर से लगकर बहने वाली बेगम नदी के घाट पर पहुंच कर समाप्त हुआ, जहां भुजरियां का विसर्जन किया गया। इसके बाद लोगों ने एक.दूसरे से गले मिलकर भाईचारे और सौहार्द का परिचय दिया।*

## 1800 करोड़ से होगा रेलवे कोच निर्माण इकाई का निर्माण, 5000 लोगों को मिलेगा रोजगार

# आज पूरा हिंदुस्तान मध्यप्रदेश को आशा और विश्वास की नजरों से देख रहा है : रक्षा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रविवार को जिले के ब्लॉक औबेदुल्लागंज के उमरिया में में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा 60 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर 1800 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली ब्रह्मा परियोजना (बीईएमएल रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग) इकाई का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी शामिल हुए। उन्होंने बीईएलएल (भारत अर्थ मूवर्स लि) परियोजना के प्रस्तावित प्लांट का 3डी वॉक थ्रू और नए संयंत्रों के मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम में जनसमूह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज मध्यप्रदेश को बड़ी सौगात मिली है और यह क्षेत्र का बड़ा सौभाग्य है। मध्यप्रदेश पूरे हिन्दुस्तान में भारत के हब प्रदेश के रूप में जाना जाता है। यहां पर बीईएमएल रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग इकाई का भूमिपूजन हुआ है। इस इकाई का नाम सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी के नाम पर रखा गया है। यहां रेल के डिब्बों सहित रेलवे के अनेक उत्पादों का निर्माण होगा। 1800 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली यह इकाई दो वर्षों में पूर्ण होगी।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज पूरा हिन्दुस्तान मध्यप्रदेश को बहुत ही आशा और विश्वास की नजरों से देख रहा है। 1800 करोड़ रू के निवेश के साथ इस परियोजना का भूमिपूजन हुआ है। जिसमें 5 हजार युवाओं के हाथों को रोजगार मिलेगा। बीईएमएल आज यहां महत्वपूर्ण यूनिट स्थापित कर रही है।

## 'मध्यप्रदेश' बनेगा भारत का औद्योगिक हब

**खास बातें**

- औद्योगिक विकास के लिए मंडीदीप और तामोट के बाद उमरिया प्रदेश सरकार के प्रयासों की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की सराहना
- 1800 करोड़ रू लागत से होगा इकाई का निर्माण, 5000 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
- जंगलों, टाइगर और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए देश में प्रसिद्ध मध्यप्रदेश अपने औद्योगिक विकास के लिए भी पहचाना जाएगा



### मोदी के नेतृत्व में भारत देश गौरवशाली, वैभवशाली बना

*केंद्रीय कृषि शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत की सेना ने पहलगांव आतंकी हमले का ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुश्मनों से ऐसा बदला लिया कि पूरी दुनिया आश्चर्यचकित रह गई। भारतीय सेवा के पराक्रम को देखा। प्रधानमंत्री मोदी जी ने संकल्प लिया था कि पहलगांव के दोषियों को दुनिया का दूसरे छोर तक पीछा करेंगे और सजा देंगे। भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस पर संपूर्ण देश को गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया के सामने हमारी सेनाओं ने साहस और शौर्य के प्रमाण दिए हैं। पाकिस्तान के एयरबेस को गड्डों में बदलने का काम हमारी सेना ने किया।*

### आज हम दूसरे देशों में भेज रहे बड़ी बड़ी मशीनें

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। पहले बड़ी-बड़ी मशीनें, कलपुर्जे दुनिया के दूसरे देशों में बनकर आते थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अद्भुत काम किया है और आज बड़ी बड़ी मशीनें भारत में तैयार हो रही हैं और दूसरे देशों को भी भेज रहे हैं।

### यह रहे कार्यक्रम में उपस्थित

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक सुरेंद्र पटवा, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, औबेदुल्लागंज नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, सचिव भारत सरकार संजीव कुमार, प्रमुख सचिव डीआईपीआईपी एमएसएमई राघवेंद्र कुमार सिंह, कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, एसपी पंकज पाण्डे, जिपं सीईओ अंजू भदौरिया सहित अन्य उपस्थित रहे।



### रायसेन के विकास की लिखी जाएगी नई इबारत

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन रायसेन जिले के लिए, प्रदेश के लिए विकास की नई रौशनी लेकर आया है। यह रेल कोच फैक्ट्री औद्योगिक विकास की नई इबारत लिखेगी। उन्होंने कहा कि जनवरी 2024 से अभी तक भोजपुर विधानसभा में 3600 करोड़ रू के उद्योगों की सौगात मिली है। 'ब्राह्मा' संयंत्र पूरी तरह 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करेगा। यह परियोजना प्रदेश को रक्षा निर्माण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इस इकाई के संचालन से 5 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

### मप्र ने बनाई अलग पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक-एक युवा के जीवन को बदलने सरकार काम कर रही है। धीरे-धीरे सभी क्षेत्र में अपनी स्वयं की उत्पादन क्षमता, योग्यता के भरोसे दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है। आज रायसेन जिले को यह सौगात मिल रही है,। रायसेन जिला सांची से आध्यात्मिकता के क्षेत्र में सम्राट अशोक के काल की याद दिलाता है। साथ ही भीमबैठका से अपनी विरासत पर भी गौरव का अनुभव कराता है।

## शिक्षण सामग्री की जांच करने बनाई समिति

# बेबी कॉन्वेंट स्कूल की हेड मास्टर को थमाया नोटिस

फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के अशासकीय बेबी कॉन्वेंट स्कूल में अनियमित पाठ्यक्रम पढ़ाने पर डीईओ डीडी रजक द्वारा प्रायवेट स्कूल बेबी कॉन्वेंट के प्रधानाध्यापक तथा संचालक को शोकाज नोटिस जारी कर 3 दिन में जबाव देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही स्कूल की शिक्षण सामग्री की जांच के लिए समिति भी गठित की गई है।

हरिभूमि समाचार पत्र ने मामले को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी। जिसमें बेबी कॉन्वेंट स्कूल में अनियमित पाठ्यक्रम पढ़ाया जा रहा है। विद्यार्थियों से प्राप्त पट्टी पहाड़ा में छपी हिंदी वर्णमाला में इस्लाम धर्म के प्रतीक चिन्ह जैसे 'क से काबा', 'न से नमाज', 'ह से हिजाब' आदि शब्दों का प्रयोग किया है। जबकि मान्यता गाइडलाइन के मुताबिक स्कूल में धर्म विशेष के प्रतीक चिन्हों वाली पाठ्यक्रम सामग्री नहीं पढ़ाई जा सकती है।

### मामले की जांच के लिए बनाई गई समिति

बेबी कॉन्वेंट स्कूल में अनियमित पाठ्यक्रम पढ़ाने पर डीईओ ने उक्त स्कूल की शिक्षण सामग्री की जांच के लिए समिति गठित की है। जिसमें सहायक संचालक ऐश्वर्या मूंदड़ा, शासकीय सांदीपनी विद्यालय सांची के प्राचार्य अनिल दीक्षित तथा बीआरसी सांची अयोध्या प्रसाद शर्मा को शामिल किया गया है।

आरटीई मान्यता नियमों का उल्लंघन करने के फलस्वरूप बेबी कॉन्वेंट स्कूल रायसेन को कारण बताओ सूचना पत्र थमाया गया है। इस संबंध में बेबी कॉन्वेंट स्कूल के प्रधानाध्यापक/संचालक को अपना प्रतिवाद सप्रमाण 3 दिन में डीईओ के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रतिवाद समाधानकारक नहीं होने अथवा तय समय पर प्रस्तुत नहीं देने पर बेबी कॉन्वेंट स्कूल के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# राखी बनाओ प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

रक्षा बंधन के अवसर पर ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल जमुनिया में स्कूली बच्चों के बीच राखी बनाओं प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर रंग बिरंगी राखी का निर्माण किया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर स्कूल प्रबंधन के द्वारा बेहतर व कलाकृति युक्त राखी बनाने वाले प्रतिभागियो को प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरुष्कार देकर सम्मिनत किया गया। स्कूल के संचालक पुष्पेंद्र कुशवाहा ने सभी बच्चों को इस आदित्य कला के लिए पुरस्कृत किया एवं स्कूल के समस्त स्टाफ द्वारा बच्चों को राखी बनाने की शुभकामनाएं दी और भविष्य में और अच्छी कलाकृति निकालना एवं उभरने बच्चों को प्रेरित किया।

इस अवसर पर ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल संचालक पुष्पेंद्र कुशवाहा, मोहित लोधी, पियूष नाथ, ओममणि लोधी, कल्याणी राय, निकिता राय, अंशिका राय, मुस्कान लोधी, हेमलता कुशवाहा, कंचन लोधी, प्राची खरे, अनुपमा श्रीवास्तव, मृत्युंजय नाथ, सुरदीप लोधी तथा अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सोमेश्वर धाम के ताले खुलवाने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**हरिभमि न्यूज, रायसेन।** औबेदुल्लागंज के तामोट पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को रायसेन के युवा छात्र नेता वरुण खत्री ने समस्त रायसेन वासियों के नाम से रायसेन के ऐतिहासिक दुर्ग पर स्थित सोमेश्वर धाम शिव मन्दिर पट के ताले हमेशा के लिए खोले जाने एवं मंदिर परिसर के गेट पर संकेत बोर्ड (कृपया जूते,चप्पल बहार उतारे एवं अनुशासन में रहे) अंकित करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा।



युवा नेता वरुण खत्री ने कहा कि हम सभी रायसेनवासी सोमेश्वर धाम के पट हमेशा के लिए खुलवाने के लिए सोमेश्वर धाम मुक्ति मोर्चा सहित हिंदूवादी संगठनों द्वारा कई ज्ञापन पहले भी भारत सरकार व मप्र सरकार के नाम से दे चुके है। इसीलिए आज आपको भी प्रत्यक्ष रूप से अवगत करा रहे है। रायसेन किला पुरातत्व विभाग के अंतर्गत आता है इसलिए हम यहां कोई संकेत बोर्ड (कृपया चप्पल जूते बाहर उतारे एवं अनुशासन में रहे) भी नहीं लगा सकते। इसलिए सर्वप्रथम संकेत बोर्ड जरूर लगाया जाए। सुरक्षा गार्डों की संख्या भी बढ़ाई जाए, जिससे किले की देख-रेख अच्छे से हो सके।

## सावन के दूसरे दिन दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा सहित कई गांवों में भुजरियों का किया विसर्जन

**दीवानगंज।** काजलियां पर्व ग्रामीणों द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर महिलाओं ने परंपरागत पूजन कर घरों से कजिलयां लेकर मंदिर में एकत्र हुईं। भवानी चोराहे पर काजलिया रखकर महिलाओं ने उत्साह के साथ नृत्य किया, जिसके पश्चात तालाब पहुंचकर सामूहिक पूजन कर विसर्जन किया। एक दूसरे को गले लगाकर शुभकामनाएं दीं। साल भर में हुई गलतियों को भुलाकर खुशहाली से रहने की कामना की गई।



भुजरिया मिलन समारोह नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों मैं जैसे दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, नरखेड़ा, सरार, बरजोरपुर नीनोद, जमुनिया सहित आसपास गांवों में परम्परागत रूप से मनाया गया। वही ग्राम अंबाड़ी के गणेश मंदिर चौराहे पर पुरुषों द्वारा लहंगी का नृत्य किया गया।

## बाइक के पहिए में फंसी महिला की साड़ी, घायल

**सलामतपुर।** भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर रविवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। अपने भाई को राखी बांधने महिला तुलसा बाई एवं पति ओमप्रकाश लोधी व एक बच्चे के साथ बाइक से ग्राम छोला जा रहे थे। तभी रास्ते में महिला की साड़ी बाइक के पहिए में फंसने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। हादसे के समय उनके साथ मौजूद बच्चे को कोई चोट नहीं आई। राहगीरों ने तुरंत मदद करते हुए घायलों को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

## समस्या : गड्ढों युक्त सड़क से आवागमन करते हैं ग्रामीण

# सड़कों पर दलदल होने से फैल रहा मच्छरों का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

ग्रामों को स्वच्छ व साफ बनाने केंद्र व प्रदेश सरकार अनेक अभियान चलाकर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, परंतु जिम्मेदारों की लापरवाही व मनमानी के चलते ग्रामों में स्वच्छता अभियान दम तोड़ रहा है। सिलवानी विधानसभा के ग्राम मुआर में स्वच्छता अभियान की धज्जियां ग्राम पंचायतों के नुमाइंदो द्वारा उड़ाई जा रही हैं। जहां पक्की सड़के आज भी सपना बना हुआ है। ग्रामीण नारकीय जीवन जीने मजबूर है।

तहसील मुख्यालय से करीब 7 किलो मीटर दूर स्थित ग्राम मुंआर अपनी बदहाली व लगातार होती दुर्दशा पर ना केवल आंसू बहा रहा है, बल्कि ग्रामीणों के लिए बेबसी का जीवन जीने को मजबूर कर रहा हैं।

### आवागमन को नहीं पक्की सड़क

ग्राम की आबादी करीब 3 हजार होना बताया जा रहा है। यहां पर सभी वर्ग के बाशिंदे निवास करते हैं। कृषि यहां के रहवासियों का मुख्य व्यवसाय है, लेकिन विकास से यह ग्राम कोसों दूर है। ग्राम की कच्ची सड़कों से ग्रामीण आवागमन करने को मजबूर हैं। हालांकि बीते सालो में ग्राम में कुछ सड़कों का निर्माण कराया गया था, लेकिन वह सड़के वर्तमान में क्षतिग्रस्त होकर गडढो में तब्दील होना बताई जा रही है। इन सड़कों से ग्रामीणों का आवागमन कष्ट दायक हो रहा हैं।



### सडकों पर फैल रहा पानी

ग्राम में सड़क के साथ ही नालियां भी नहीं बनी हैं। नालियां ना होने से मकानों का गंदा पानी सड़कों पर फैलने से दलदल में तब्दील हो रहा हैं। सड़कों पर दलदल होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है।

### स्कूली बच्चे होते है परेशान

सड़कों पर फैली दलदल से आवागमन करने में बड़ों के साथ ही इस परेशानी का सामना स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी करना पड़ रहा है। कई बार स्कूली बच्चे दलदल में गिरकर चोटिल तक हो चुके हैं। सरकार ग्रामीण विकास के कितने ही दावे कर ले, लेकिन विकास अभी भी कोसो दूर हैं।

### खुले में डाला जा रहा कचरा

घरों से निकलने वाले कचरे को एकत्रित करने की व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा नहीं की गई है। फलस्वरुप मकानों से निकलने वाले कचरे को ग्रामीण खुले मैदान या सड़क किनारे ही डाल रहे है। खुले में डाले जा रहे कचरे से निकलने वाली बदबू से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं।

# संस्कार बिहार मंदिर में विप्रजनों ने श्रावणी पर्व पर बदला यज्ञोपवीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिलेभर में शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा विप्रजनों ने संस्कार बिहार मंदिर में श्रावणी उपकर्म पर्व मनाया। पंडित नरेशचंद्र चतुर्वेदी ने विधि-विधान से धार्मिक क्रिया पूर्ण कराई।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रायश्चित संकल्प के साथ हुई, जिसमें पंचगव्य ग्रहण कर पवित्र कुश एवं आदिझाड़े से स्नान के पश्चात विप्रजनों ने यज्ञोपवीत संस्कार किया। उन्होंने बताया कि जिनका यज्ञोपवीत संस्कार हो चुका है, वे इस दिन पुराना यज्ञोपवीत उतारकर नया धारण करते हैं, जिसे व्यक्ति का दूसरा जन्म माना जाता है। श्रावणी पर्व पर विप्रजनों ने संकल्प, संस्कार और स्वाध्याय के साथ यज्ञोपवीत कार्य सपन्न किया।



### देव ऋषियों को दी आहुतियां

*स्नान, तर्पण के बाद ऋषि पूजन, सूर्य उपासना एवं यज्ञोपवीत पूजन किया। नवीन यज्ञोपवीत धारण कर आत्मसंयम का संकल्प लिया। विप्रजनों ने स्वाध्याय कर आहुतियां अर्पित करते हुए सप्त ऋषियों को नमन किया। इसके पश्चात एक-दूसरे को यज्ञोपवीत समर्पित कर वरिष्ठजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रवण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर संस्कार बिहार मंदिर में सभी विप्र समाज के वरिष्ठजनों द्वारा आरती, पूजन अर्चना करने के उपरांत सभी ने अपने जनेऊ बदलकर नवीन जनेऊ धारण किए।*

कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष संघर्ष शर्मा एडवोकेट, संस्कार धाम मंदिर पुजारी पं. राजेंद्र दुबे सोमवारा, बद्री पराशर, हीरालाल शर्मा ब्रजभूषण, नन्हेंलाल उपाध्याय, नरेश उपाध्याय आदि शामिल हुए।